<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–19 नवम्बर 2024</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों पर उप चुनाव के लिये प्रचार थमा। कल होगा मतदान।
- उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के हाई स्कूल और इण्टरमीडिएट परीक्षा का कार्यक्रम जारी। चौबीस फरवरी से शुरू हो कर बारह मार्च तक चलेंगी परीक्षाएं।
- प्रदेश के सभी अस्पतालों का होगा फायर सेफ्टी आडिट : झांसी मेडिकल कॉलेज अग्निकांड के बाद स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने अधिकारियों को दिये निर्देश।
- कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने दिल्ली में केन्द्रीय उर्वरक सचिव से की मुलाकात : केन्द्र सरकार ने प्रदेश को हर हाल में पर्याप्त उर्वरक आपूर्ति सुनिश्चित करने का दिया आश्वासन।

**********

प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों पर हो रहे उपचुनाव के लिए प्रचार कल शाम पांच बजे थम गया। इन सीटों पर कल वोट डाले जायेंगे। मतगणना तेइस नवंबर को होगी। प्रचार के अंतिम दिन कल प्रत्याशियों के पक्ष में राजनैतिक पार्टियों के वरिष्ठ नेताओं ने जनसभाएं और रोड शो कर जनता से वोट की अपील की। प्रदेश की जिन नौ सीटों पर उपचुनाव होना है, उनमें मीरापुर, कुंदरकी, करहल, कटेहरी, सीसामऊ, गाजियाबाद, खैर, मझवां और फूलपुर सीट शामिल हैं। हमारे संवाददाता की रिपोर्ट....

***प्रदेश में हो रहे उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी, समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी ने अपने–अपने प्रत्याशी उतारे हैं। उपचुनाव में जीत के लिए सपा और भाजपा दोनों दलों ने जमकर प्रचार किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उपचुनाव वाली सभी नौ विधानसभा सीटों पर भाजपा गठबंधन के प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभाएं की हैं, वहीं सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी पार्टी उम्मीदवारों के लिए प्रचार किया। केंद्रीय मंत्री और रालोद अध्यक्ष जयंत सिंह ने मुजफ्फरनगर की मीरापुर विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों में रोड शो किया, वहीं सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मीरापुर के जौली गांव में जनसभा को संबोधित किया, जबकि ।प्डप्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने भी मीरापुर विधानसभा क्षेत्र के ककरौली गांव में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उधर कानपुर नगर की सीसामऊ विधान सभा सीट पर हो रहे उपचुनाव के लिए गोरखपुर से भाजपा सांसद रवि किशन ने पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में रोड शो किया। प्रदेश की जिन नौ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हो रहे हैं– उनमें कुंदरकी, करहल, कटेहरी और सीसामऊ सीट सपा के पास रही है, वहीं गाजियाबाद, खैर और फूलपुर की सीट भाजपा के पास रही है, जबकि रालोद ने मीरापुर और निषाद पार्टी ने मंझवा सीट पर जीत हासिल की थी। सुशील चन्द्र तिवारी, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।***

**********

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट वर्ष दो हजार पच्चीस की परीक्षायें चौबीस फरवरी से शुरू होकर बारह मार्च तक चलेंगी। इसमें कुल चौवन लाख अड़तीस हजार पांच सौ सत्तानबे छात्र–छात्रायें शामिल होंगे। पहले दिन हाईस्कूल में पहली पाली में हिन्दी और दूसरी पाली में हेल्थ केयर की परीक्षा होगी। इसी तरह इण्टरमीडिएट में पहले दिन की पहली पाली में सैन्य विज्ञान और दूसरी पाली में हिन्दी विषय की परीक्षा होगी। बारह कार्य दिवस में परीक्षा सम्पन्न करा ली जायेगी। यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने कल परीक्षाओं की तिथि घोषित करने के साथ ही परीक्षा कार्यक्रम भी जारी कर दिया। हाईस्कूल में इस बार सत्ताइस लाख चार हजार तथा इण्टर में छब्बीस लाख अट्ठानबे हजार परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। इस बार उत्तर प्रदेश बोर्ड ने परीक्षा से तीन महीने से अधिक समय पहले ही कार्यक्रम जारी कर दिया है। पहली पाली की परीक्षा सुबह साढ़े आठ बजे से ग्यारह बजकर पैंतालीस मिनट तक और दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम सवा पांच बजे तक होगी।

**********

प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों और जिला अस्पतालों में अग्नि सुरक्षा सम्बन्धी संसाधनों का नये सिरे से सत्यापन कर यह जांच जायेगा कि आग से बचाव की पर्याप्त व्यवस्था है या नहीं। सत्यापन के दौरान जो भी कमियां मिलेंगी, प्रदेश सरकार उसे दूर करायेगी। झांसी मेडिकल कॉलेज अग्निकांड जैसी दुर्घटना भविष्य में न हो इसे लेकर कल लखनऊ में आयोजित बैठक के दौरान उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने ये निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी अस्पताल में अब गड़बड़ी मिली तो चिकित्सा अधीक्षक की जवाबदेही तय कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

***किसी भी स्थिति में लापरवाही स्वीकार नहीं होगी। आज एक हम जियो जारी कर रहे हैं। सभी हॉस्पिटल्स का। हम फायर सेफ्टी ऑडिट पुनः कराने जा रहे हैं। जो हमारे फायर सेफ्टी इक्विपमेंट्स हैं, उनका भी ऑडिट कराएंगे जो फायर फाइटिंग सिस्टम है। उच्च दुरुस्त व्यवस्था में चलता रहे इसको सुनिश्चित करेंगे। 24 घंटे हर वार्ड में एक व्यक्ति ट्रेंड रहेगा। जो हमारा वार्ड वॉय या पैरामेडिकल स्टाफ हो***

***सकता है। जिसको ट्रेनिंग दी हुई आठ आठ घंटे कम से कम एक व्यक्ति 24 घंटे में वार्ड में उपस्थित रहेगा इस बात के भी निर्देश दिये गये हैं।***

उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि आग से बचाव के लिये लगाये गये सभी उपकरणों की समय–समय पर जांच की जाय साथ ही यह भी देखा जाय कि आग लगने पर निकासी की व्यवस्था पर्याप्त है या नहीं। श्री पाठक ने यह भी निर्देश दिया कि अस्पताल में किसी भी स्थिति में विद्युत लोड बिना सहमति के नहीं बढ़े और वार्डो में अस्थाई वायरिंग नहीं कराई जाये। बैठक में प्रमुख सचिव स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन शर्मा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शिक्षा के महानिदेशक सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

**********

प्रदेश में खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिये प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कल नई दिल्ली में उर्वरक एवं रसायन मंत्रालय में उर्वरक सचिव, रजत कुमार मिश्रा से मुलाकात की और प्रदेश को केन्द्र सरकार द्वारा उर्वरक की आपूर्ति एवं उपलब्धता के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। बैठक में किसानों को उनकी जरूरत के अनुसार डीएवीपी उर्वरक की आपूर्ति सुनिश्चित कराए जाने के संबंध में वार्ता हुई। उर्वरक सचिव ने कृषि मंत्री को आश्वासन दिया कि उत्तर प्रदेश को हर हाल में आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य के लिए डिस्पैच की जाने वाली फास्फेटिक उर्वरक रैक भी पश्चिमी पोर्ट से अधिक से अधिक प्रदेश को भेजी जाएगी। इससे पहले कृषि मंत्री ने वाराणसी में आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि किसानों को रबी फसलों की बुवाई के लिये पर्याप्त मात्रा में फास्फेटिक उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित कराई गई है।

***इस साल 600 लाख मैट्रिक टन खाद्यान्न उत्पादन का हम लोगों ने लक्ष्य रखा है। वर्तमान में लगभग 25 प्रतिशत अच्छादित हो चुका है। 40,00,000 हेक्टेयर के भीतर शेष के लिए हमारी तैयारियां चल रही हैं और सभी जगहों पर हम फर्टिलाइजर और बीज की उपलब्धता करा रहे हैं। जिससे की किसान भाईयों को सुविधा हो सके।***

**********

केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कल महराजगंज के ऐतिहासिक धरोहर स्थल कन्हैया बाबा स्थान के खनन कार्य का शुभारम्भ मंत्रोच्चार और धम्म पाठ के साथ किया। इस दौरान भारतीय पुरातत्व विभाग की 15 सदस्यीय टीम उत्खनन स्थल पर मौजूद रही। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि जनपद के सोहगी बरवा वन्य जीव प्रभाग में स्थित कन्हैया बाबा स्थान को बुद्ध के आठवें अस्थि स्तूप की मान्यता के परिपेक्ष में यह उत्खनन कार्य शुरू किया गया है। इस उत्खनन कार्य के प्रमाणित होने के बाद क्षेत्र का चौमुखी विकास होगा। उन्होंने कहा कि हजारों वर्ष पूर्व इसी क्षेत्र से भगवान बुद्ध ने अहिंसा का जो मार्ग दिखाया, वह आज पूरी दुनिया में फैला है।

***स्वदेश दर्शन योजना मोदी जी 2014 में लेकर के आये देश में जीतने भी अपने बौद्ध स्थल हैं। वहाँ पर लोगों को आने जाने की व्यवस्था बने और कहीं न कहीं वो सर्किट का भी बात उन्होंने किया। मेरा यही प्रयास है कि ऐतिहासिक तत्व से हमारा जिला जुड़ा हुआ है। एक तो इतिहास में उसका नाम होना। और एक मर्तबे सिद्ध होने के बाद हमारे जिले को लाभ मिलने वाला है।***

**********

केन्द्रीय राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल ने कल मथुरा में राष्ट्रीय बकरी मेला एवं कृषि प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। बकरी महाकुंभ 2024 का आयोजन केन्द्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान और मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से किया गया। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री ने कृषि वैज्ञानिकों, कृषि उद्योग से जुड़े उद्यमियों तथा प्रगतिशील किसानों और बकरी पालकों से मुलाकात की। उन्होंने किसानों को उनकी आय दोगुनी करने के उपायों के प्रति जागरूक किया।

**********

लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे ने इस वर्ष एक दिन में सबसे अधिक यात्री यातायात का रिकॉर्ड बनाया है। 17 नवंबर को इस एयरपोर्ट से बाइस हजार नौ सौ छियासी यात्रियों ने यात्रा की, जिसमें 18 हजार आठ सौ चौंतीस घरेलू और चार हजार एक सौ बावन अंतर्राष्ट्रीय यात्री शामिल थे। इस दिन हवाई अड्डे पर रिकॉर्ड एक सौ तिरपन उड़ानें हुयीं।

**********